# प्रेस नोट थाना कैम्पियरगंज जनपद गोरखपुर दिनांक 24.08.2023

## बिना लाइसेन्स/डिग्री के अस्पताल संचालित कर प्रसूता व नवजात की मृत्यु कारित करने के आरोप में 02 अभियुक्त गिरफ्तार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक उत्तरी गोरखपुर के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी कैम्पियरगंज के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह थाना कैम्पियरगंज के नेतृत्व में थाना कैम्पियरगंज पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 579/23 धारा 304 भा0द0वि0 से सम्बंधित वांछित अभियुक्त 1. शैलेन्द्र नाथ सोलंकी पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी म0नं0 243M पार्वतीपुरम पचपेड़वा बशारतपुर थाना गोरखनाथ जनपद गोरखपुर व अस्पताल के मैनेजर 2. श्यामसुन्दर पासवान पुत्र स्व0 रामप्रीत निवासी कोटा मुकुन्दपुर थाना कोतवाली जनपद महराजगंज को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**अपराध का संक्षिप्त विवरण-**

अभियुक्त शैलेन्द्र नाथ सोलंकी उपरोक्त द्वारा वर्ष 2019 में "माँ दुर्गा हास्पिटल" ब्लाक रोड कैम्पियरगंज में स्थापित किया गया था, जिसकी मान्यता दिनांक 30.04.2020 को समाप्त हो गयी थी। वर्तमान में अस्पातल को अवैध तरीके से संचालित करते हुए, मो0 असलम सिद्दीकी जो कि ओ0टी0 टेक्नीशीयन है को डाक्टर बताकर तथा श्यामसुन्दर, अनीता गिरी, नीतू भारती जिनके पास चिकित्सा सम्बन्धी कोई डिग्री नही है, इनको कम्पाउण्डर व नर्स के रूप में रखकर अस्पताल का संचालन किया जा रहा था। इसी क्रम में दिनांक 22.08.2023 को पीड़िता(मृतका) का मो0 असलम द्वारा आपरेशन किया गया, जिसके कारण मृत नवजात पैदा हुआ तथा कुछ समय के उपरान्त प्रसूता की भी मृत्यु हो गयी थी। उपरोक्त व्यक्तियों द्वारा चिकित्सा विभाग से बिना कोई लाइसेन्स प्राप्त किये व बिना किसी वैध डिग्री के उक्त अस्पताल संचालित कर प्रसूता व नवजात की गैरइरादतन हत्या की गयी है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-**

1. शैलेन्द्र नाथ सोलंकी पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी म0नं0 243M पार्वतीपुरम पचपेड़वा बशारतपुर थाना गोरखनाथ जनपद गोरखपुर
2. श्यामसुन्दर पासवान पुत्र स्व0 रामप्रीत निवासी कोटा मुकुन्दपुर थाना कोतवाली महराजगंज

### गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 579/23 धारा 304 भादसं0 थाना कैम्पियरगंज जनपद गोरखपुर

### वांछित अभियुक्त/अभियुक्ता का नाम पता-

1. डा0 मो0 असलम सिद्दीकी पुत्र मो0 इदरीश निवासी भीटिनी थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर हाल पता आवास विकास कालोनी म0नं0 ए289 थाना तिवारीपुर जनपद गोरखपुर
2. अनीता गिरी पत्नी अनिल निवासी कैम्पियरगंज जनपद गोरखपुर
3. नीतू भारती निवासी कैम्पियरगंज जनपद गोरखपुर

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम -**

1. थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह थाना कैम्पियरगंज जनपद गोरखपुर
2. उ0नि0 दिनेश कुमार साहनी थाना कैम्पियरगंज जनपद गोरखपुर
3. उ0नि0 रावेन्द्र पाल थाना कैम्पियरगंज जनपद गोरखपुर
4. का0 एकाश सिंह थाना कैम्पियरगंज जनपद गोरखपुर
5. का0 यशवन्त यादव थाना कैम्पियरगंज जनपद गोरखपुर
6. का0 इन्द्रजीत यादव थाना कैम्पियरगंज जनपद गोरखपुर
7. का0 संतोष मिश्रा थाना कैम्पियरगंज जनपद गोरखपुर
8. का0 पुष्पेन्द्र यादव थाना कैम्पियरगंज जनपद गोरखपुर
9. का0 अक्षय सिंह थाना कैम्पियरगंज जनपद गोरखपुर
10. का0 अनुराग कुमार थाना कैम्पियरगंज जनपद गोरखपुर